# जिसने भी बाबा को भावों से सजाया है

(तर्ज: सांवरे की महफ़िल को)

जिसने भी बाबा को भावों से सजाया है,
उसने तो बाबा को हर पल साथ पाया है,

अँखियों में सुरमा तो लागे है प्यारा,
होठों की लाली का अज़ब नज़ारा,
देख के चंदा शरमाया है,
उसने तो बाबा .....

हीरो जड़ी ये पगड़ी पहनाई,
बाबा को देखो ये है मन भाई,
केशरिया बागा मन भाया है,
उसने तो बाबा .....

काला तो टिका इनको लगाओ,
लग नहीं जाए नज़र बचाओ,
सांवरिया थोड़ा मुस्काया है,
उसने तो बाबा .....

सूरत पे जाऊँ मैं बलिहारी,
'प्रियंका' नज़र उतारूंगी थारी,
भक्तों के मन को तू भाया है,

# उसने तो बाबा .....

Source:
https://www.bharattemples.com/jisne-bhi-baba-ko-bhawo-se-sajaya-hai-usne-toh-baba-ko-har-pal-saath-paya-hai/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw